35 हजार सिपाही भर्ती प्रक्रिया अप्रैल से शुरू करने की तैयारी

अमर उजाला ब्यूरो

परीक्षा कराने को नई कंपनियों को किया जाएगा आमंत्रित, जल्द तय होगी रुपरेखा

लखनऊ। बहुप्रतीक्षित 35,757 सिपाहियों की सीधी भर्ती की प्रक्रिया अप्रैल से शुरू करने की तैयारी है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड सीधी भर्ती की परीक्षा कराने के लिए निविदा के जरिए नई कंपनियों को आमंत्रित करेगा। भर्ती बोर्ड यह कवायद पहले भी कर चुका है, लेकिन सिर्फ एक ही कंपनी के निविदा में भाग लेने से प्रक्रिया निरस्त कर दी गई थी।

भर्ती बोर्ड को नागरिक पुलिस के 26,210 सिपाही, फायरमैन के 1007 और पीएसी के 8540 आरक्षियों की सीधी भर्ती का अधियाचन अगस्त 2022 में मिला था। वर्तमान में भर्ती बोर्ड सिपाही के 534 पदों पर कुशल खिलाड़ियों की भर्ती प्रक्रिया को पूरी करने जा रहा है। 31 मार्च तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में सिपाहियों की सीधी भर्ती करने की कवायद शुरू होगी। सूत्रों की मानें तो इस बार कई नई कंपनियां निविदा प्रक्रिया में हिस्सा ले सकती हैं। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे जाएंगे। फिलहाल यह परीक्षा ऑनलाइन होगी अथवा ऑफलाइन, इस पर भी निर्णय होना बाकी है।